04 वीडियो में बोला, साढ़े 7 लाख रुपए महीना मांग...


07 पर्यटन, आय व मनोरंजन के साथ रोजगार बनेगा...


**खबर संक्षेप में**

### भाजपा मंडल नलखेड़ा की बैठक का आयोजन आज

**नलखेड़ा।** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल नलखेड़ा की एक अतिआवश्यक बैठक मां बगलामुखी मंदिर भंडारा परिसर में आज आयोजित की गई है। जिसमें भाजपा के सभी पदाधिकारी गण एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भाजपा मंडल नलखेड़ा के नवनियुक्त अध्यक्ष रोहित सकलेचा, मंडल महामंत्री रितेश सोनी, बीरमलाल मालवीय ने बताया कि शनिवार को मां बगलामुखी मंदिर भंडारा परिसर में दोपहर 1 बजे से भारतीय जनता पार्टी मंडल नलखेड़ा की एक अतिआवश्यक बैठक मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर को लेकर आयोजित की गई है। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओम मालवीय एवं जिला प्रभारी बहादुर सिंह मुकाती उपस्थित रहकर सभी का मार्गदर्शन करेंगे। बैठक में नलखेड़ा मंडल के समस्त प्रदेश, जिला एवं मंडल पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी, मतदान केंद्र के अध्यक्ष, बीएलओ 1 एवं बीएलओ 2, समस्त जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य, सरपंच, पार्षद एवं समस्त कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया है।

### डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण मौसम रबी 2025-26 हेतु समय-सारणी जारी

**नलखेड़ा।** आयुक्त, भू-संसाधन प्रबंधन मध्यप्रदेश द्वारा रबी मौसम हेतु डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण की समय-सारणी जारी की गई है। जिसके अनुसार सर्वेयर पंजीयन, कार्य पूर्णता तक किया जाएगा। समस्त प्रशिक्षण 20 जनवरी 2026 तक, किसान गिरदावरी एवं सर्वेयर क्रॉप सर्वे का कार्य 21 जनवरी से 28 फरवरी तक, सुपरवाइजर सत्यापन कार्य 5 मार्च तक, किसान दावा आपत्ति कार्य 10 मार्च तक, दावा आपत्ति निराकरण 15 मार्च तक, वेरीफायर अनुमोदन 10 मार्च से 15 मार्च तक, डिजिटल क्रॉप सर्वे जांच कार्य 1 से 15 मार्च तक तथा जांच कार्य का अंतिम अनुमोदन 20 मार्च को किया जाएगा। अंतिम डाटा भूलेख पोर्टल पर अद्यतन 31 मार्च को किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश भू-अभिलेख नियमावली के अनुसार फसल गिरदावरी का कार्य वर्ष में 3 बार (मौसम खरीफ रबी, जायद) में सारा एप के माध्यम से संपन्न किया जाता है। जिसका उपयोग उपार्जन, फसल बीमा आदि योजनाओं में सतत रूप से किया जा रहा है। फसल गिरदावरी कार्य में पारदर्शिता लाने हेतु डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया है।

सड़क, पार्किंग और डायवर्सन के साथ हर व्यवस्था पर रखी जाएगी इस बार नजर

## रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारी: कुबरेश्वर धाम पहुंचे डीआईजी, सुरक्षा-व्यवस्था देखी

बैठक के दौरान डीआईजी ने मार्ग व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, रोड डायवर्सन प्लान, रेल और बसों से श्रद्धालुओं के आगमन की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनने वाला रूद्राक्ष महोत्सव इस बार और भी विशाल रूप लेने वाला है। 14 फरवरी से 20 फरवरी तक चलने वाले इस दिव्य आयोजन की तैयारियों को परखने उप पुलिस महानिरीक्षक देहात रेंज, भोपाल राजेश चंदेल सीहोर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को बेहद गंभीरता से परखा। अधिकारियों को यह स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि आने वाले दिनों में काम की रफ्तार और सटीकता दोनों बढ़ानी होंगी।

बैठक के दौरान डीआईजी ने मार्ग व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, रोड डायवर्सन प्लान, रेल और बसों से श्रद्धालुओं के आगमन की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान एक भी जगह अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए, क्योंकि लाखों श्रद्धालुओं की भावनाएं और विश्वास प्रशासन की सफलता से सीधे जुड़े हैं। एलईडी स्क्रीन से सूचना प्रसारण, पानी-बिजली की उपलब्धता और फायर सेफ्टी जैसी व्यवस्थाओं को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। मुख्य रूप से कुबरेश्वर धाम में प्रवेश और निकास मार्ग को सुचारु रखने पर विशेष बल दिया गया।

#### कुबरेश्वर धाम का भ्रमण

बैठक के बाद डीआईजी राजेश चंदेल, पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कुबरेश्वर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम, पार्किंग क्षेत्र, कथा स्थल, अस्पताल, भोजनशाला सहित सभी व्यवस्थाओं को प्रत्यक्ष देखा। उनका संदेश स्पष्ट था कि श्रद्धालुओं को सुविधा मिले, भीड़ में कोई असुविधा न हो और हर स्थान पर पुलिस की मौजूदगी भरोसा दिलाने वाली हो। मंदिर समिति के सदस्यों से भी विस्तार से चर्चा कर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

**वर्षांत समीक्षा-मंडी थाने का गहन निरीक्षण :** रूद्राक्ष महोत्सव की तैयारियों के बाद डीआईजी ने मंडी थाने का वर्षांत निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पोर्टल ICJS, ई-साक्ष्य, ई-रक्षक, मेडलिपआर की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। अपराधों के लंबित प्रकरण, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी, अपहरण मामलों की प्रगति, गुण्डा एक्ट, निगरानी बदमाशों की सूची और माईक्रो बीट सिस्टम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अपराधों पर नियंत्रण तभी संभव है जब पुलिस का हर कदम तेज, सटीक और जनता के प्रति संवेदनशील हो।

**अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश,व्यवस्था ही सबसे बड़ी सुरक्षा :** निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने जोर देकर कहा कि महोत्सव जैसे विशाल आयोजनों में व्यवस्था ही सुरक्षा का आधार होती है। भीड़ प्रबंधन के हर चरण को पहले से परखना और मौके पर लागू करना ही सफलता का रास्ता है।उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस के व्यवहार में संवेदनशीलता, तत्परता और समन्वय तीन ऐसे स्तंभ हैं जो किसी आयोजन की आत्मा को सुरक्षित रखते हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक यूनिट अपनी जिम्मेदारी को स्पष्ट समझे और समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करे।

#### वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी, तैयारियां निर्णायक चरण में

इस पूरे निरीक्षण और समीक्षा के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत, नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव, निरीक्षक एसबी सत्येंद्र यादव, एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कुबरेश्वर धाम में होने वाले इस ऐतिहासिक रूद्राक्ष महोत्सव को सफल बनाने के लिए प्रशासन और पुलिस पूरी गंभीरता के साथ जुटे हैं। स्थानीय लोग भी आशा कर रहे हैं कि इस बार व्यवस्थाएं और मजबूत होंगी, और श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के आस्था के इस अद्भुत पर्व का आनंद ले सकेंगे।

समाजजनों ने की अगवानी

## नलखेड़ा में आचार्यश्री विश्वरत्न सागरसूरीश्वर का मंगल प्रवेश





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मालव भूषण आचार्यश्री नवरत्न सागर सुरीश्वर महाराजा के शिष्य आचार्यश्री विश्वरत्न सागरसूरीश्वर म.सा आदि ठाणा 4 का नलखेड़ा में मंगल प्रवेश गुरुवार को हुआ। जैन समाजजनों द्वारा आचार्यश्री की अगवानी कर नगर में चल समारोह निकाला। स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में आचार्य विश्वरत्न सागरसूरीश्वर म.सा. का 4 दिसंबर को छापिहेड़ा मार्ग से नगर में आगमन हुआ। समाजजनों द्वारा प्रातः 8:30 बजे मां बगलामुखी मार्ग स्थित रेन बसेरा से नगर में मंगल प्रवेश का चल समारोह निकाला गया। जिसमें समाजजनों के साथ नवरत्न परिवार के सदस्यों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लिया। इसके पूर्व रेन बसेरा पर नवरत्न परिवार शाखा नलखेड़ा की ओर से नवकारसी का कार्यक्रम रखा गया।

मंगल प्रवेश चल समारोह के दौरान स्थान-स्थान पर समाजजनों द्वारा आचार्यश्री की अगवानी कर उनके समक्ष गहूली की गई। तथा आचार्यश्री का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया गया। प्रमुख मार्ग से मंगल प्रवेश जुलूस चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिरजी पर पहुंचा जहां पर देव दर्शन व चैत्य वंदन का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात जैन आराधना भवन पर आचार्य श्री के प्रवचन का कार्यक्रम हुआ। आचार्यश्री का नगर से आगर-बड़ोद की ओर मंगल विहार हुआ। यहां से आचार्यश्री डग राजस्थान में होने वाली जैन भगवती दीक्षा के समारोह में अपनी निश्रा प्रदान करेंगे।

डग राजस्थान से आचार्यश्री प्रसिद्ध जैन तीर्थ नागेश्वर पार्श्वनाथ महातीर्थ की ओर विहार करेंगे। जहां पर आप श्री के सानिध्य एवं पावन निश्रा में तीन दिवसीय अट्ठम तप की आराधना 13 से 15 दिसंबर तक संपन्न होगी। इसके पूर्व 12 दिसंबर को सभी आराधको का धारणा नागेश्वर तीर्थ पर होगा। 16 दिसंबर को सभी अट्ठम तप आराधको का पारणा भी तीर्थ स्थान पर ही होगा। इस धार्मिक आयोजन में प्रदेश सहित अन्य स्थानों से बड़ी संख्या में समाजजनों द्वारा भाग लेकर अट्ठम तप की आराधना की जाएगी।

## शासकीय उमावि पचलाना तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 अंतर्गत कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार जिले की शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने के क्रम में शुक्रवार को नलखेड़ा तहसील अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचलाना को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित किया गया। दंत चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र बीजापारी और माध्यमिक शिक्षक मुकेश राठौर द्वारा विद्यालय में छात्रों एवं किशोरों को तम्बाकू उत्पादों से होने वाले हानिकारक प्रभावों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। छात्रों को तम्बाकू सेवन से उत्पन्न मुख कैंसर दांतों के दाग मसूड़ों की बीमारी और दंत क्षरण जैसी समस्याओं के बारे में जागरूक किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने तम्बाकू मुक्त जीवन की शपथ ली और यह संकल्प लिया कि वे स्वयं भी तम्बाकू से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। इस जनजागरूकता पहल का उद्देश्य युवाओं में तम्बाकू विरोधी चेतना को बढ़ावा देना और एक स्वस्थ तम्बाकू-मुक्त भारत का निर्माण करना है। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य राहुल पाटीदार जितेंद्र फुलेरिया नीलम पाटीदार राकेश सेन राहुल त्रिवेदी आकाश कोरवे ललित पाटीदार धर्मेंद्र यादव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

सामूहिक विवाह समारोह में 9 जोड़ों का हुआ विवाह

## 'सामूहिक विवाह से समय और धन की बचत के साथ समरूपता की भावना जागृत होती'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



वर्तमान में सामूहिक विवाह समारोह की महत्ता अधिक बढ़ रही है। धन, समय की बचत तो होती है साथ समरूपता की भावना भी जागृत होती है। उक्त कथन राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ राष्ट्रीय संयोजक डा अर्चना जायसवाल ने प्रयागराज में सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधू को आर्शीवाद देते हुए नव दंपत्ति के सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जानकारी मप्र युवा अध्यक्ष सुशील शिवहरे ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह जिसके आयोजक अधिवक्ता टीएन जायसवाल द्वारा आयोजित हुआ जिसमें 9 जोड़ों ने सात जन्मों तक साथ निभाने की कसम खायी। जायसवाल समाज धर्मशाला कटघर में आयोजित इस समारोह में अनेक प्रदेशों से समाजजनों ने नव दंपत्ति को आशीर्वाद दिया। दोपहर को नगर के विभिन्न मार्गों से भव्य बारात स्थानीय केपी कालेज से प्रारंभ हुई जिसका जगह जगह भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत सत्कार किया गया। बारातियों जिसमें डा. अर्चना जायसवाल, शिवचरण हांडा, राकेश राय सीहोर, कलचुरी वार्ता प्रधान संपादक राजेश राय उज्जैन, सुशील शिवहरे, जुगल किशोर राय, ह्रदेश राय, गिरिजा शंकर राय, विश्वनाथ कलवार, मधुबाला कलवार, धनेंद्र धुवारे, ब्रजेश कुमार जायसवाल, धर्मेन्द्र जायसवाल, पंकज जायसवाल सहित अनेक समाजजन, स्थानीय स्वजातीय बंधुओं ने जमकर बैण्ड बाजा और डीजे की मधुर ध्वनि पर जमकर डांस किया। जायसवाल समाज धर्मशाला कटघर पर सभी बारातियों का मुख्य द्वार पर स्वागत सत्कार कर सभी बारातियों को सुस्वादिष्ट भोजन करवाया गया जिसकी प्रशंसा सभी ने की। मंच से सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ राष्ट्रीय संयोजक डा अर्चना जायसवाल को समाज सेवा में कार्य करने के लिए कलचुरी समाज अनमोल रत्न से सम्मानित किया गया। वहीं मप्र अध्यक्ष राकेश राय सीहोर, राजेश राय उज्जैन, मप्र युवाध्यक्ष सुशील शिवहरे, प्रदेश महासचिव जुगल किशोर राय को समाजसेवा में कार्य करने के लिए शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

भव्य और ऐतिहासिक आयोजन के सफल आयोजन के लिए मुख्य अतिथि, समस्त अतिथिगणों द्वारा आयोजक अधिवक्ता टीएन जायसवाल का भव्य स्वागत सत्कार किया गया। संचालन युवा कवि सुजित जायसवाल ने किया और आभार वरिष्ठ कवि वृंदावन राय ने माना।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२*, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति एॅम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### 11 दिसंबर से चूल्हा बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**देवास।** महिला स्वयं सहायता समूह संघ (म.प्र.) जिला ईकाई देवास के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना का संचालन किया जाता है, लेकिन पिछले तीन महीनों से समूह संचालकों और रसोइयों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिला पंचायत विभाग द्वारा सितंबर 2025 से भोजन पकाने की लागत राशि एवं रसोइया बहनों का मानदेय समय पर न मिलने के कारण स्थिति गंभीर हो गई है। भुगतान अटका होने से जिलेभर में कार्यरत समूह संचालक एवं रसोइया बहनों के सामने आजीविका संकट उत्पन्न हो गया है। महिला स्वयं सहायता समूह संगठन, देवास की जिला अध्यक्ष ज्योति अर्जुनदास बैरागी ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि "यदि संबंधित विभाग द्वारा 10 दिसंबर 2025 तक भुगतान की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो 11 दिसंबर से सभी समूह संचालक एवं रसोइया बहनें चूल्हा बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए मजबूर होंगी। साथ ही धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।" उक्त जानकारी संगठन के जिलाध्यक्ष अर्जुनदास बैरागी द्वारा प्रदान की गई।


### जिले में डिजिटलाइजेशन कार्य 99.69 प्रतिशत पूर्ण

**देवास।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। जिले में अबतक 99.69 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सोनकच्छ, हाटपीपल्या और खातेगांव में प्रतिशत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास में 98.92 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बागली में 99.73 प्रतिशत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है।

## पांच शराब दुकानों के ठेकेदार का आत्महत्या से पहले का वीडियो हुआ वायरल

# वीडियो में बोला, साढ़े 7 लाख रुपए महीना मांग रहीं थी सहायक आबकारी आयुक्त

**मामले में आबकारी अधिकारी ने बताया कि मकवाना की मां 2 करोड़ की डिमांड कर रही है, आबकारी अधिकारी ने देवास एसपी को 24 नवंबर को दिया शिकायती आवेदन**








हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना का आबकारी अधिकारी पर रिश्वत मांगने के आरोप लगाते हुए वीडियो शुक्रवार को सामने आया। शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना ने बीते 8 नवंबर को जहर पीकर आत्महत्या कर ली थी। इसमें उसने आबकारी विभाग की असिस्टेंट कमिश्नर मंदाकिनी दीक्षित पर रिश्वत के लिए परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्हें अपनी आत्महत्या के लिए जिम्मेदार बताया है। दिनेश मकवाना इंदौर में कनाडिया गांव का रहने वाला था। देवास में उसकी शराब की 5 दुकानें थीं। दिनेश के परिजन ने कनाडिया थाने में 29 नवंबर को शिकायत कर मामले की जांच की मांग की थी। वही आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित ने भी 24 नवंबर को देवास एसपी को आवेदन देकर कहा कि ठेकेदार मकवाना के परिजन उन्हें ब्लैकमेल कर रहे हैं। वे उनसे दो करोड़ रुपए में मामला सेटल करने की बात कह रहे हैं। ठेकेदार दिनेश मकवाना ने असिस्टेंट कमिश्नर मंदाकिनी दीक्षित पर रिश्वत मांगने के आरोप लगाए थे।

### वीडियो में शराब ठेकेदार ने लगाए आरोप

वायरल वीडियो में दिनेश मकवाना बोल रहा है कि में देवास जिले में शराब दुकान चलाता हूं। चापड़ा, करनावद और डबल चौकी तीन ग्रुप हैं। मेरे पास 14 करोड़ का काम है। एसी मैडम मंदाकिनी दीक्षित मुझसे पैसे की डिमांड करती हैं। इनको एक दुकान से डेढ़ लाख रुपए महीना चाहिए। मेरे पास पांच दुकानें हैं। इनको साढ़े सात लाख रुपए महीने का चाहिए है मुझसे। अभी तक मैं 20-22 लाख दे चुका हूं। मैडम को मैंने कहा कि अभी घाटा हो रहा है। धंधा चलते ही आपको रुपए दे दूंगा। वो मैडम वेयरहाउस से पैसा न आने पर माल नहीं देने देतीं। इनका रोज-रोज का यही होता है। मैं अब इनसे त्रस्त आकर आत्महत्या कर रहा हूं। मामले में आबकारी अधिकारी ने बताया कि मकवाना की मां 2 करोड़ की डिमांड कर रही है। असिस्टेंट एक्साइज कमिश्नर मंदाकिनी दीक्षित ने देवास एसपी को 24 नवंबर को शिकायती आवेदन दिया था। इसमें उन्होंने कहा- दिनेश मकवाना की मां संतोष मकवाना ने बृजेश मकवाना और लेखराज पटेल के साथ मिलकर मेरे सब इंस्पेक्टर से संपर्क किया। उन्हें धमकी दी कि उनके पास दिनेश का मेरे खिलाफ बनाया गया वीडियो है। अगर दो करोड़ रुपए नहीं दिए तो इसे वे मीडिया में सर्कुलेट कर देंगे।

### विवेचना बाद कार्रवाई करेंगेः कलेक्टर

देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा- मामले में एक वीडियो वायरल हुआ है। आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित ने भी पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया है, जिसकी जांच की जा रही है। अगर कुछ भी पाया जाता है तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इंदौर में ठेकेदार दिनेश मकवाना के परिजन ने शिकायत की है। उस पर भी सुनवाई कर एक्शन लिया जाएगा। इस संबंध में वीडियो संज्ञान में आया है और इंदौर में प्रकरण पंजीबद्ध हुआ है विवेचना चल रही है , विवेचना में जो भी तथ्य समाने आते है उस पर जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा। जिला आबकारी अधिकारी ने शिकायती पत्र देवास एसपी को लिखा है जिसमें बताया गया है कि लाइसेंसी के परिजनों द्वारा ब्लैकमेलिंग की जा रही है 2 करोड़ रुपए की राशि मांगी जा रही हैं इन सभी पहलुओं की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**जांच में सब सामने आ जाएगा**

जिस शराब लायसेंसी का वीडियो सामने आया है, उससे मेरा किसी प्रकार की बातचीत नहीं हुई है। उनकी मां ने मुझे वीडियो दिखाकर 2 करोड़ रुपए की मांग की थी, जिसका एविडेंस मैंने पुलिस को दिया है। जांच में सब सामने आ जाएगा।

**मंदाकिनी दीक्षित,** असिस्टेंट एक्साइज कमिश्नर

## सड़क सुरक्षाः शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई

**चालक पर लगाया 15, 500 का जुर्माना**




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एसपी पुनीत गेहलोद के सख्त निर्देशों पर, सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने 'शराब पीकर वाहन चलाने' (ड्रंक एंड ड्राइव) के एक मामले में बड़ी कार्रवाई की है।इस मामले में न्यायालय ने दोषी चालक को 15,500 (पन्द्रह हजार पाँच सौ रुपये) के अर्थदण्ड से दंडित किया है। यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा के प्रति देवास पुलिस की गंभीरता को दर्शाती है और उल्लंघनकर्ताओं के लिए एक कड़ा संदेश है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीरसिंह भदौरिया और नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई। 03 दिसंबर को डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की पालनगर टोल टैक्स के पास एक कंटेनर चालक अपने वाहन को लहरा रहा है संभवतः वो शराब के नशे में हैं। चेकिंग के दौरान, कंटेनर क्रमांक HR46F5700 के चालक, शौक़ीन पिता आशु निवासी गुडगांव हरियाणा को शराब के नशे में पाया गया। ब्रेथ एनालाइज़र टेस्ट में शराब पीकर वाहन चलाने की पुष्टि हुई। चालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 (शराब पीकर वाहन चलाना) धारा के तहत इस्तगासा तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने शुक्रवार को चालक शौक़ीन को 15,500 के अर्थदण्ड से दण्डित किया। इस प्रभावी कार्यवाही में थाना औद्योगिक क्षेत्र के निरीक्षक शशिकांत चौरसिया, उनि कमाल सिंह मंडलोई, प्र.आर. जितेन्द्र चौधरी, आर.लोकेश मुकाती और आर.अजय जाट की सराहनीय भूमिका रही।

### कलेक्टर ने एसआईआर कार्य में लापरवाही पर बीएलओ को किया निलम्बित

**देवास।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज सिंह ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लापरवाही पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 171-देवास के मतदान केन्द्र 184 शासकीय वनमण्डल कार्यालय पश्चिम भाग देवास के लिए नियुक्त बीएलओ सहायक ग्रेड तीन ग्रामीण यांत्रिकी सेवा देवास जितेन्द्र मालवीय को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलम्बन अवधि में जितेन्द्र मालवीय का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग देवास रहेगा तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। निलम्बन की कार्यवाही निर्वाचक रजिसट्रिकरण अधिकारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 171-देवास के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है जिसमें उल्लेख है कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 171-देवास के मतदान केन्द्र 184 शासकीय वनमण्डल कार्यालय पश्चिम भाग देवास के लिए नियुक्त बीएलओ सहायक ग्रेड तीन ग्रामीण यांत्रिकी सेवा देवास जितेन्द्र मालवीय को निर्देशित करने के बाद भी इनके द्वारा मतदाता गणना पत्रकों के वितरण एवं प्राप्ति में तत्परता नहीं दिखाई गई। क्षेत्र के कुल 1137 मतदाताओं में से 916 मतदाताओं के गणना पत्रक एकत्रित किये गये। शेष 221 मतदाताओं के गणना पत्रक आज दिनांक तक प्राप्त नहीं किये गये है। बीएलओ जितेन्द्र मालवीय सुपरवाईज के निरीक्षण के दौरान भी मौके पर उपस्थित नहीं हुए। इनकी शिकायतें प्राप्त हुई थी कि बीएलओ केन्द्र पर उपस्थित नहीं रहते, जिससे मतदाताओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

## उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



दिव्यांगता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय देवास में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में अध्ययनरत 107 दिव्यांग विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायसिंह सेंधव जिला अध्यक्ष देवास भाजपा रहें। जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती, सहायक संचालक द्वय सावन पाटीदार, शिवनंदन प्रजापति, प्राचार्य सुधीर सोमानी एवं विभिन्न विद्यालय से पधारे शिक्षकगण भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित रहें। इस दिवस पर दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, मेंहदी, रांगोली, गीत गायन, नृत्य, फैंसी ड्रेस, चित्रकला में इन विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह पूर्वक सहभागिता की। इन प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये एवं सभी दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खेल विभाग देवास एवं दृष्टिहीन शिक्षा केंद्र के शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, चोरी की बाइक से की थी कई वारदातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, मोटरसाइकिल चोरी करने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह न केवल वाहन चोरी करता था, बल्कि चुराई गई मोटरसाइकिल का इस्तेमाल कर क्षेत्र में कई अन्य चोरियों को भी अंजाम देता था। फरियादी सोहेल मंसूरी पिता अफजल मंसूरी (उम्र 24 साल, निवासी क्षिप्रा, देवास) ने 18 मई 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी सफेद रंग की टी.वी.एस. अपाचे मोटरसाइकिल दिनांक 12मई 2025 की रात को चोरी हो गई थी। थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास में अपराध क्रमांक 454/2025, धारा 303(2) बी.एन.एस. 2023 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। विवेचना में पता चला कि चोरों ने चोरी की गई मोटरसाइकिल का उपयोग कर कई अन्य वारदातों को भी अंजाम दिया था। 03 दिसंबर 2025 को, मुखबिर सूचना व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर, पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया है, जिनमें अभिषेक मालवीय उर्फ अभी पिता कमल सिंह मालवीय (उम्र 22 साल, निवासी कुमारीया बनवीर, जिला देवास, कैलाश भाटी उर्फ गोलू पिता मांगीलाल भाटी (उम्र 24 साल, निवासी कुमारीया बनवीर, जिला देवास और जितेन्द्र सिंह सेंधव उर्फ जैनपाल पिता अमरसिंह सेंधव (उम्र 39 साल, निवासी ग्राम तालोद, जिला देवास के नाम शामिल है।पुलिस ने आरोपियों से चोरी की गई सफेद रंग की टी.वी.एस. अपाचे मोटर सायकिल को सफलतापूर्वक बरामद किया है, जिसकी कीमत करीबन 70,000/- है। आरोपियों का पूर्व में भी चोरी के कई आपराधिक रिकॉर्ड है, जिनसे अन्य प्रकरणों के सम्बंध में गहन पूछताछ की जा रही है।उक्त उत्कृष्ट कार्य में निरीक्षक शशिकांत चौरसिया (थाना प्रभारी, औद्योगिक क्षेत्र देवास), प्र.आर. शांतिलाल, प्र.आर. लेखराज, प्र.आर. मोहन, एवं आर. अजय जाट की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खाद्य लायसेंस नहीं होने पर दो दुकानें की सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार मिलावटखोरी रोकने और जिले के नागरिकों को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में तहसीलदार कपिल गुर्जर एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर द्वारा द्वारा देवास में फर्म जय अम्बे गजक एवं पेठा तहसील चौराहा देवास से तिल गजक, फर्म जय महाकाल गजक भंडार तहसील चौराहा देवास से तिल गजक के नमूने लिए और दोनों गजक विक्रेताओं के पास मौके पर खाद्य लायसेंस नहीं होने से दुकाने सील करने की कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी हिमाली सोनपाटकी द्वारा फर्म श्री सांवरिया किराना करणावत तहसील बागली से देशी घी, गुलाब जामुन मिक्स, सेंव, फर्म पटेल किराना कमलापुर तहसील बागली से सांची घी, अचार मसाला, गुड के नमूने लेने की कार्यवाही की गई।

सभी नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गये हैं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि जिले में विभिन्न प्रतिष्ठानों से पूर्व में लिये गये खाद्य पदार्थों के नमूने जो अवमानक एवं मिथ्याछाप पाये गये थे, उनके 11 प्रकरण अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी देवास के न्यायालय में दर्ज किए गए।

**कांग्रेस ने समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदे जाने की मांग की, दिया ज्ञापन**

# एक लीटर पीने के पानी से भी सस्ती बिक रही मक्काः कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रदेश में मक्का समर्थन मूल्य को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल जारी है। शुक्रवार को जिला स्तर पर कांग्रेस ने जिला शहर कांग्रेस और किसान कांग्रेस के बैनर तले जोरदार नारेबाजी कर कलेक्टर कार्यालय में राज्यपाल के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा को दिया। कांग्रेस ने मांग की, की समर्थन मूल्य पर मक्का की फसल की खरीदारी जाए।

किसान मक्का की फसल 10 से 12 किलो बेचने पर मजबूर है।किसानों की फसल मक्का एक लीटर पीने के पानी से भी सस्ती बिक रही है। कांग्रेस ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश से ही है बावजूद उसके किसानों को अपनी फसल के उचित दाम नहीं मिल रहे है। प्रदेश में मक्का फसल का रकबा भी अधिक है फिर भी सरकार रुचि नहीं ले रही है। सरकार एमएसपी से कम मूल्य पर किसानों से मक्का खरीद रही है। वहीं सरकार विदेशों से मक्का आयात कर रही है और व्यापारियों को फायदा पहुंचा रही है। प्रदेश सरकार किसान विरोधी सरकार है। मुख्यमंत्री बोलते है करो अभिनंदन ऐसी स्थिति में कैसे करे अभिनंदन। किसानों के साथ हो रही लगातार अनदेखी और विभिन्न समस्याओं जैसे मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी न होना, यूरिया की किल्लत, और सिंचाई हेतु दिन में लगातार 10 घंटे बिजली उपलब्ध करवाए जाने—को लेकर जिला (शहर) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला (ग्रामीण) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया। मक्का का समर्थन मूल्य 2,400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है, लेकिन मंडियों में मक्का मात्र 1,100 से 1,400 रुपये प्रति क्विंटल में बिक रही है, जो किसानों के साथ सरासर अन्याय है। मंडियों में व्यापारी किसानों के साथ खुली लूट कर रहे हैं और प्रदेश की भाजपा सरकार तथा केंद्र सरकार में कृषि मंत्री के रूप में कार्यरत शिवराज सिंह चौहान की नाक के नीचे किसान लुट रहा है। केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पूरी तरह मौन हैं। गौरतलब है कि मक्का के लगातार गिरते दामों का प्रमुख कारण अमेरिका के दबाव में भारत द्वारा मक्का का आयात बताया जा रहा है। वर्तमान हालात में मक्का जिस कीमत पर बिक रही है, वह किसानों का लागत मूल्य भी पूरा नहीं कर पा रही। इसी तरह यूरिया के लिए किसान रात-रात भर लाइन में लग रहे हैं। गेहूं की फसल को इस समय यूरिया की सख्त आवश्यकता है, लेकिन यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध ही नहीं हो रहा।

वहीं बिजली की स्थिति यह है कि किसानों को दिन में 10 घंटे बिजली देने का मुख्यमंत्री का वादा झूठा साबित हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व महापौर रेखा वर्मा, प्रदीप चौधरी, राजेंद्र मालवीय, शौकत हुसैन, भगवान सिंह चावड़ा, सुधीर शर्मा, गुरुचरण सिंह सलूजा, रोशन रायकवार, श्रीराम कुमावत, विक्रम मुकाती, हर्षप्रताप सिंह गौड़, श्रीकांत चौहान, विश्वजीत सिंह चौहान, नरेंद्र यादव, ज्ञान सिंह दरबार, रितेश त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह गौड़, प्रशांत सिंह चौहान, अजय सिंह राजोदा, राधाकिशन सोलंकी, एजाज शेख, बिल्लू नागर, हाफिज घोसी, रईस कामदार, वीरेंद्र परदेसी, महेंद्र धारू, हरीश गजधर, शाहजी हाशमी, प्रतीक शास्त्री सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। ज्ञापन का वाचन सूरज सिंह चावड़ा ने किया तथा आभार चंद्रपाल सिंह सोलंकी ने माना।

## ग्रीन बेल्ट भूमि से अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के एबी रोड पर स्थित ग्रीन बेल्ट की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रखी गई गुमटियों को नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर निगम स्वास्थ्य विभाग रिमुवल गैंग के अमले ने शुक्रवार को हटाए जाने की कार्यवाही की गई। इन स्थानों पर अवैध रूप से रखी गई गुमटियों एवं अन्य सामग्रियां रखकर कब्जा कर अवरुद्ध किया गया था जिससे ग्रीन बेल्ट मे लगाए गए पौधों को नुकसान हो रहा था तथा गंदगी भी हो रही थी जिस कारण अवैध रूप से रखी गई गुमटियों को निगम के अमले द्वारा हटाया गया। राम नगर से एलएनबी क्लब तक ग्रीन बेल्ट की भूमि से लगभग 10 से 15 अवैध रूप से रखी गई गुमटियों को हटाया गया। अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही मे निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमंत उबनारे, हरेन्द्र सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश पथरोड, रिमूवल टीम दरोगा अबरार पठान, शिवा खत्री आदि सहित निगम की टीम उपस्थित रही।

### जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा में डीएम ने की मनरेगा पार्क की प्रसंशा

# पर्यटन, आय व मनोरंजन के साथ रोजगार बनेगा लखंजन का मनरेगा पार्कः कलेक्टर

## जिले के ऐसे सभी रोजगारपरक प्रोजेक्ट निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जनपद की पात्र जनता को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की इन योजनाओं से छूटने न पाए।

इसी के साथ उन्होंने जनपद की विकासपरक योजनाओं की जमीनी हकीकत और उनके सकारात्मक प्रभाव जानने के लिए भी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से वार्ता की, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने बताया कि जनपद के महत्वाकांक्षी विकासखण्ड मड़ावरा लखंजर गांव में मनरेगा पार्क का निर्माण एक महत्व पूर्ण उपलब्धी है। इस पार्क के निर्माण से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिले हैं। जिलाधिकारी ने मनरेगा पार्क की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है, जिले में ऐसे सभी प्रोजेक्ट, जिनसे आमजन को रोजगार के साथ-साथ पर्यटन विकास व मनोरंजन के अवसर मिलें, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। मुख्य विकाव अधिकारी ने बताया कि मनरेगा पार्क की सुंदरता और धसान नदी के किनारे स्थित होने के कारण, यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। पार्क में बच्चों के खेलने के लिए जगह है और नदी में वोटिंग बोटिंग की सुविधा है, जिससे लोगों को मनोरंजन के अवसर मिलते हैं। इसके साथ ही इस पार्क के निर्माण से ग्राम पंचायत की आय में भी वृद्धि हुई है, जिससे ग्राम पंचायत अपने विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से कर सकती है।

उन्होंने यह भी बताया कि मनरेगा पार्क के निर्माण और इसके रखरखाव से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। पार्क की सुंदरता और नदी के किनारे स्थित होने के कारण, यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। पार्क के निर्माण से ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि हुई है, जिससे ग्राम पंचायत अपने विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से कर सकती है। पार्क में बच्चों के खेलने के लिए जगह है और नदी में वोटिंग बोटिंग की सुविधा है, जिससे लोगों को मनोरंजन के अवसर मिलते हैं।

इस प्रकार, मनरेगा पार्क का निर्माण लखंजर गांव के लिए एक वरदान साबित हुआ है, जिससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार और मनोरंजन के अवसर भी मिले हैं।

# 'सहकारिता से ग्रामीणों को स्थानीय रोजगार के नए अवसर मिल रहे'

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत सहकारी संवाद आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आज सहकार भारती के तत्वावधान में जिला सहकारी बैंक सभागार में एक दिवसीय सहकारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद की विभिन्न सहकारी समितियों, कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों तथा युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकार भारती उत्तर प्रदेश के निवर्तमान प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत जिला सहकारी बैंक ललितपुर के सभापति रमेश लोधी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारिता आंदोलन की भावना और उसके सामाजिक/आर्थिक महत्व पर चर्चा के साथ हुआ। डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि सहकारिता मॉडल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि सहकारी समितियाँ कृषि उत्पादन के साथदृसाथ प्रसंस्करण, विपणन, डेयरी, कृषि यंत्र सेवा केंद्र तथा मल्टीपरपज समितियों के रूप में ग्रामीण युवाओं के लिए व्यापक रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही हैं। जिला सहकारी बैंक के सभापति रमेश लोधी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सहकारिता ग्रामीण विकास एवं आर्थिक उन्नति का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि यदि सहकारी संस्थाएँ पारदर्शिता, अनुशासन और समयबद्ध सेवाओं के साथ कार्य करें, तो किसानों एवं ग्रामीण युवाओं की आजीविका के अवसरों में वृद्धि संभव है।

विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी विकास फेडरेशन लि ललितपुर झाँसी की अध्यक्ष बसंती लहरिया ने कहा कि विभाग द्वारा सहकारी संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु सदस्यता विस्तार, लेखा-व्यवस्था में पारदर्शिता और आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कृषि इनपुट, ऋण सुविधा, विपणन और प्रसंस्करण सेवाओं को और बेहतर बनाना प्राथमिकता है। अपर जिला सहकारी विकास अधिकारी (सहकारिता) ओ.पी. यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसके माध्यम से किसानों तथा युवाओं के आर्थिक विकास को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जनपद की सहकारी समितियों को अधिक सक्षम, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें सहकार भारती उत्तर प्रदेश के एफपीओ प्रकोष्ठ के सह संयोजक सुरेन्द्र पस्तोर, जिलाध्यक्ष विभूति भूषण चौरसिया आदि मौजूद थे।

# नवजीवन कॉलोनी की सड़क 4 साल से अधूरी, पीड़ितों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर।** नवजीवन कॉलोनी फेस-2, मोहल्ला हरदीला वार्ड नंबर-13 के जागरूक नागरिकों ने आज नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की गंभीर समस्या से अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया कि मोहल्ले में लगभग 300 मीटर लंबी सड़क का निर्माण किया गया था, लेकिन करीब 70 मीटर का हिस्सा कच्चा छोड़ दिया गया, जो पिछले चार वर्षों से अधूरा पड़ा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस अधूरे मार्ग के कारण लोगों को रोजाना भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।

बरसात के दिनों में यह हिस्सा दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे आवागमन बाधित हो जाता है। गड्ढों में पानी भरने से दुर्गंध फैलती है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। फिसलन के कारण कई बार बुजुर्ग चोटिल भी हो जाते हैं। निवासियों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं कराया गया है। मोहल्लेवासियों ने जनहित में शेष मार्ग को तत्काल पक्का कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वालों में पूनम शर्मा (सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी), वरिष्ठ नागरिक महेंद्र कुमार, पुरोहित उपेंद्र राय, प्रियंका सोनी, आसाराम, मलखान सिंह, आनंद, रविंद्र यादव, आयुष यादव, शैलेंद्र, नीरज, देवेंद्र, मगन, भजनलाल, हरचरण, राकेश, आर. पी. सिंह, बेद, राहुल, सुनील शर्मा सहित अनेक लोग शामिल रहे। नागरिकों ने चेताया कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण पूरा नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई सम्पन्न

# एसआईआर के बारे में विस्तृत जानकारी और इसके क्रियान्वयन सहयोग पर चर्चा



**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के एस आई आर टोली की गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प हरिश्चंद्र रावत द्वारा की गई। जिसमें अतिथि के रूप में श्रम सेवा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मनोहर लाल पंथ तथा सदर विधायक राम रतन कुशवाहा एड उपस्थित रहे । जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने सभी भारतीय जनता पार्टी की एस आई आर टोली को अवगत कराते हुए जानकारी दी कि वे समस्त बी एल ए 2 और समस्त बूथ अध्यक्षों को भी अवगत कराएं कि जिन्हें नए मतदाता बनना है और उनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। उन सभी लोगों को फॉर्म 6 भरने का काम आवश्यक रुप से करना है और वे एक जनवरी को अठारह साल आयू पूरी करने बाले सभी युवाओं से आग्रह करें कि वे यह फार्म जरूर भरें। जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि जिला संयोजक सभी मण्डल अध्यक्षों को अवगत कराएं कि जिन मतदाताओं को संशोधन कराना है वो फार्म 8 भरें। श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि हमारे जिम्मेदार कार्यकर्ता घर घर जाकर सम्पर्क करें और लोगों को एस आई आर के वारे में विस्तृत जानकारी दें।

इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने भी सभी कार्यकताओं को एस आई आर के संबंध में जानकारी दी सभी फ़ार्म की विस्तृत जानकारी दी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने किया। इस अवसर पर जिला संयोजक एस आई आर अभियान बीजेपी हरिराम निरंजन, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप चौबे, रमेश कुमार सिंह लोधी ,जिला महामंत्री बब्बू राजा बुंदेला, बंशीधर श्रीवास, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पाठक , जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा लक्ष्मी रावत ,जिला महामंत्री महिला मोर्चा रुचिका बुंदेला, जिला मंत्री रजनी अहिरवार, दीपक पाराशर, मनविंदर कौर,सुनीता पंथ आदि मौजूद थे।

# विगाखेत टोल प्लाजा पर निःशुल्क नेत्र शिविर का किया गया आयोजन



**ललितपुर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के विगाखेत टोल प्लाजा पर झाँसी विगाखेत टोलवे प्राइवेट लिमिटेड एवं क्यूब रूट्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज विगाखेत टोल प्लाजा पर निःशुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललितपुर सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री विपिन चौधरी एवं यातायात प्रभारी श्री आलोक तिवारी रहे, जिन्होंने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। यह नेत्र शिविर आगामी सात दिनों तक (11 दिसम्बर 2025 तक) टोल प्लाजा पर संचालित किया जाएगा। शिविर में मेडिकल टीम द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं, विशेषकर ट्रक चालकों की आँखों की जांच की गई। जांच के उपरांत आवश्यकता अनुसार चालकों को निशुल्क चश्मे (आई ग्लासेस) वितरित किए गए। परियोजना प्रमुख प्रदीप कुमार ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ट्रक एवं वाहन चालकों को नियमित नेत्र जांच कराना है, ताकि नेत्र संबंधी समस्याओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सके और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी चालकों से शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया। प्लाज़ा प्रबंधक विकास सक्सेना ने जानकारी दी कि आज शिविर में बड़ी संख्या में ट्रक चालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी आँखों की जाँच कराई। कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधक एवं मेडिकल टीम झ डॉ. सुनील कुमार पाल, डॉ. विशाल यादव, अमित मौर्य, आर्यन मौर्य तथा समस्त टोल स्टाफ उपस्थित रहे।

### पुलिस ने शिकायत मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की शुरू

# मारपीट कर घायल करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

निकटवर्ती ग्राम कल्यानपुरा निवासी रेखा देवी पत्नी हरपाल सिंह राजपूत ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि विद्या पत्नी जगदीश राजपूत आयी और गालियां देने लगी और विद्या ने अपने पुत्र हिमांशु व पुत्री मुस्कान के साथ एकराय होकर मारपीट कर दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मंदिर से भगवान का छत्र चोरी

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधी नगर नई बस्ती निवासी रमाकान्त गोस्वामी पुत्र अशोक कुमार गोस्वामी ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह रेलवे स्टेशन के सामने बने जूना अखाड़ा हनुमान मंदिर से आरती पूजा करते हैं। सुबह 8 बजे जब वह मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, जब उसने अंदर जाकर देखा तो हनुमान जी महाराज का चांदी का छत्र व मुकुट 2-3 दिसम्बर को रात में किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 305 (डी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### *उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डॉ बबीता सिंह चौहान आज ललितपुर में*

***ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने बताया है कि अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) उप्र राज्य महिला आयोग डॉ बबीता सिंह चौहान आज सुबह 10 बजे जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी और गोद भराई, अन्नप्रासन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। सुबह 11:30 बजे स्थानीय गेस्ट हाउस में विभिन्न विभागों में महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगी और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक व जनसुनवाई करेंगी।*

# डायल 112 का प्रयोग करें, वाहन कंट्रोल रखें



हरिभूमि न्यूज ▶▶नाराहट

कस्बा नाराहट थाना परिसर में शांति सुरक्षा समिति की बैठक क्षेत्राधिकारी पाली सुनील भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। शादी विवाह के सीजन में डीजे पर डांस के दौरान विवाद ना हो, ज्यादा तेज आवाज में डीजे ना बजाए जाएं। ज्यादा तेज डीजे बजाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजे पर हुड़दंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में साइबर क्राइम बढ़ रहा है जिससे जिले वासियों को अनावश्यक परेशान होना पड़ रहा है। सभी नागरिक एंड्राइड मोबाइल का उपयोग करते हैं लेकिन सावधान नहीं रहने के कारण कई घटनाएं घट रही है। जहां पुलिस द्वारा समय-समय पर जागरूकता के लिए सिविल लगाए जा रहे हैं। विद्यालय में जानकारी दी जा रही है घटना के समय 112 का प्रयोग करें पुलिस हमेशा आपके लिए तैयार है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में सदर तहसील में जनशिकायतें की सुनवाई करेंगे जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने आंशिक संशोधित कार्यालय ज्ञाप जारी करते हुए आमजन को अवगत कराया है कि उनकी अध्यक्षता में तहसील मडावरा में होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस जनहित में तहसील ललितपुर में आयोजित किया जायेगा। शेष आदेश यथावत रहेगा, जिसके तहत अपर जिलाधिकारी तहसील तालबेहट व अन्य उप जिलाधिकारी सम्बंधित तहसीलों में जनशिकायतें सुनेंगें और उनका निस्तारण करायेंगे। उन्होंने अधिकारीगणों को निर्देशित किया है कि आज तहसील ललितपुर में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। जनसामान्य से अपील की गई है कि अपने क्षेत्र की तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण करायें।

# शहीद शुक्ल की नवीन प्रतिमा अनावृत हुई, राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा महरौनी



**महरौनी।** नगर पंचायत महरौनी के तत्वाधान में गुरुवार दोपहर नगर के मंडी रोड स्थित श्री राजेंद्र शुक्ल पार्क में भारत माता के अमर सपूत शहीद राजेंद्र शुक्ल जी की नवीन प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। अनावरण समारोह नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम दुष्यंत बड़ौनिया एवं स्व. रविन्द्रानंद बड़ौनिया फेयरवेल सोसायटी के प्रबंधक दुष्यंत बड़ौनिया द्वारा विधिवत पूजन के पश्चात सम्पन्न हुआ। इसके उपरांत अध्यक्ष नीलम दुष्यंत बड़ोनिया, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह तथा नगर पंचायत के समस्त पार्षदगणों ने प्रतिमा स्तंभ का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान वातावरण देशभक्ति से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने शहीद राजेंद्र शुक्ल जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने उनके वीरता, पराक्रम और बलिदान से जुड़ी स्मृतियों को भावपूर्ण स्वर में याद किया तथा कहा कि शहीद शुक्ल जी की शौर्यगाथा सदैव युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी रहेगी। समारोह के समापन पर सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यंत बड़ौनियां, रवि अहिरवार, अनूप कुमार, नीलेश श्रीवास्तव लाला, जाकिर अली, प्रेमनारायण साहू, पवन जैन, मुकेश श्रीवास्तव, पार्षदगण अनिल शर्मा, उदयभानु सिंह, सौरभ लखपति, सुरेश कुमार, मूलचन्द सेन पार्षद प्रतिनिधि, कोमलचंद सिंघई अध्यक्ष दिगम्बर जैन समाज, संजय पाण्डेय भारत, पियूष शुक्ला, राजेश श्रीवास्तव, महेद्र सिंह राजावता, लखनलाल शिक्षक, विजय दुबे, रवि खरे, शमशेर खां उस्ताद, इरनफान अली एड0, दुष्यंत नायक, हरिहर तिवारी, राहुल शुक्ला, पत्रकारगण शैलेन्द्र नायक, सूर्यकान्त त्रिपाठी, राजीव सिघई मोनू, रिषी तिवारी एवं रामदास कुशवाहा, राज अहमद, वेद प्रकाश, शादिक खा, अरहन्त जैन, कयूम अली आदि मौजूद थे।

### अध्यापकों की कम उपस्थिति पर दोनों बीईओ का स्पष्टीकरण तलब

# मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं




**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद में परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था और अधिक बेहतर बनाने व शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यों व योजनाओं की गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग के सभी कार्यों की एक-एक कर गहनता से समीक्षा की, मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत निर्धारित मेन्यू के अनुसार दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को अच्छा व स्वादिष्ट भोजन वितरण में कोई कोताही न बरती जाए, इसके साथ ही निर्धारित दिवसों में फल व दूध वितरण किये जाने होते हैं, जिसके लिए दूध व फल वितरण की जीपीएस लोकेशन के साथ फोटो उपलब्ध कराये जाएं और निरीक्षण के दौरान इसका विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर पर गठित टास्क फोर्स समिति के अधिकारियों द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर माहवार दिये गए लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालयों के निरीक्षण को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी।

कार्यों में लापरवाही एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन डाटा में अंतर पाये जाने पर जिलाधिकारी के द्वारा एमआईएस मैनेजर व जिला समन्वय को चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण तलब किया। विकासखण्ड बार व जखौरा के परिषदीय विद्यालयों में अध्यापकों की कम उपस्थिति पाये जाने पर खण्ड शिक्षा अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब किया। इसके साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने पर व बिना बताये जिला मुख्यालय छोड़ने पर जिला विपणन अधिकारी का स्पष्टीकरण भी तलब किया। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के सभी अनुदेशक व शिक्षा मित्रों का मानदेय माह की 7 तारीख से पूर्व भुगतान किये जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये। इसी प्रकार मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोईयों के भुगतान पर जोर देते हुए कहा कि बजट की उपलब्धता के आधार पर प्रत्येक माहवार समय से भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बीएसए को 19 पैरामीटर्स पर जनपद के सभी विद्यालयों को आच्छादित कराने के निर्देश दिये। खाद्यान्न उठान की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कोटेदार से खाद्यान्न प्राप्त करने हेतु अधिकारियों की समिति गठित करते हुए निर्देश दिये कि कोटेदार से कितन खाद्यान्न उठाया गया है, उठान का प्रमाण पत्र व उपभोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग के एई को निर्देश दिये कि नियमानुसार ध्वस्तीकरण कार्य शीघ्रता से करें, ताकि जनपद के बच्चों के लिए नये विद्यालय बनाये जा सकें। परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन शिफ्टिंग को गंभीरता से लिया।

### 60 में से 29 के हो पाए ऑपरेशन, ग्रामीण महिलाएं भूखी प्यासी लौटी

# अस्पताल के शिविर में 50 प्रतिशत महिलाओं की नहीं हो पाई नसबंदी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

सिविल अस्पताल में प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को होने वाले महिला नसबंदी शिविर में गुरूवार को नसबंदी के लिए दूर दराज गांवों से पहुंची। 60 से अधिक महिलाएं पहुंचने से अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन सिस्टम पूरी तरह फेल रहा जिसमें से मात्र 29 महिलाओं की ही नसबंदी की जा सकी बांकी महिलाएं मायूस होकर लौट गई। दिन भर महिलाएं भूखी बैठी रही अस्पताल प्रबंधन ने उनके लिए भोजन की कोई व्यवस्था नहीं की थी। जिस आर्थिक फायदे के लिए महिलाएं अस्पताल पहुंची थी वह जब बिना नसबंदी के घर लौटी तो कईयों के पास वापस जाने के पैसे भी नहीं थे वह बहुत परेशान होकर अपने गांव लौट पाई।

#### प्रबंधन बोला की इतनी संख्या की उम्मीद नहीं थी

ब्यावरा सिविल अस्पताल में नसबंदी शिविर की प्रभारी सविता दास ने बताया की प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को होने वाले नसबंदी शिविर में 25-30 महिलाए अपेक्षित रहती है। ऐसे में लगभग दुगनी महिलाओं के आने से यह अव्यवस्था हुई। ठंड में यह नसबंदी करवाने वाली महिलाओं की संख्या बढ जाती है परंतु दुगनी का अंदाजा नही था। और ऑपरेशन जैसे काम जल्दबाजी में नहीं किए जा सकते सावधानी के साथ महिलाओं के ऑपरेशन किए गए।

#### दूर-दराज गांवों से पहुंचने वाली महिलाएं कई बार हो चुकी है निराश

*सुठालिया व मलावर के गांवों से महिलाएं सिविल अस्पताल पहुंची थी। देखने में आया है कि हर बार शिविर में कई महिलाओं का बिना नसबंदी ऑपरेशन के वापस लौटना पडता है नवंबर में जहां कुल 111 नसबंदी की गई जिनमें भी महिलाओं को वापस लौटना पडा था। वही गुरूवार को दिसंबर में लगे शिविर में भी 30 महिलाएं वापस लौटी ऐसे में नसबंदी कार्यक्रम कैसे सफल होगा।*

### पुरातात्विक धरोहरों को सहेजने का कार्य कर रही कंपनी

# राजमहल के मुख्य गेट पर बीते 8 माह से बंधा है मचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



पुरातत्व विभाग द्वारा मुख्यालय स्थित रियासतकालीन कई प्राचीन धरोहरों को सहेजने का कार्य तीन साल पहले शुरू करवाया गया था। इस काम की शुरूआत स्थानीय छारबाग की छतरियों, बड़ा महल आदि से की गई जहां काफी हद तक काम किया भी जा चुका है।

इसके उपरान्त इन्टेक नाम की किसी कंपनी या एनजीओ के जरिए राजगढ़ राजमहल के मुख्य दरवाजे को सहेजने रिवोवेशन का काम करीब 7-8 महीने पहले शुरू करवाया गया था। इसके लिए महल के गेट पर बाकायदा मचान बनाया गया और काम भी करवाया गया। लेकिन, आधे से अधिक काम करवाने के बाद से इस काम को यथास्थिति में छोड़ दिया गया है। तभी से राजमहल के गेट पर बंधा मचान आसपास के रहवासियों और राजमहल के अंदर प्रवेश करने वालों के लिए परेशानियों का कारण बना हुआ है। यद्यपि, राजमहल के अंदर जाने का रास्ता बंद नहीं हुआ है पर मचान की वजह से गुजरने वालों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं।

#### पुरातत्व अधिकारी ने नहीं ली जिम्मेदारी

राजमहल के गेट का कितना काम और बचा है एवं मचान कब उतरवाया जाएगा इस संबंध में जब हरिभूमि ने जिला पुरातत्व अधिकारी हुकुमचंद मलिक से बात की तो उन्होंने कुछ स्पष्टतः नहीं बताया। उन्होंने अलबत्ता यह जरूर कहा कि यह काम इन्टेक नाम का एक एनजीओ कर रहा है।

#### इनका कहना है...

गेट के पास अतिक्रमण की कुछ समस्या थी इस वजह से काम रुका था। एसडीएम मेडम में आज ही विजिट किया है। साल के अंत तक काम पूरा कर लेंगे। वैसे मचान के कारण रास्ता बंद नहीं हुआ है।

**राघव शर्मा**, अधिकारी, इंटेक कंपनी

### एसआईआर की सफलता पर आयोजित करवाया गया था मैच

# मैत्री मैच में मीडिया टीम ने प्रशासनिक टीम को दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



मतदाता सूची के शुद्धिकरण (एसआईआर) के कार्य में राजगढ़ जिले ने इस बार प्रदेश भर में एक नई मिसाल कायम की है। प्रशासन की सतत निगरानी और मीडिया द्वारा किए गए व्यापक जन-जागरुकता अभियान ने इस काम की रफ्तार और गुणवत्ता को और प्रभावी बनाया। इसी कड़ी में स्थानीय स्टेडियम में मीडिया एवं प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य एक मैत्री मैच आयोजित किया गया।

प्रशासनिक टीम ने टॉस जीतते हुए पहले बल्लेजबाजी का फैसला किया। ओपनिंग करने उतरे जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने शानदार पारी खेलते हुए 40 रनों का योगदान दिया। हालांकि, अन्य बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर पाए और एक के बाद पवेलियन लौटते गए। निर्धारित 12 ओवरों में प्रशासन की पूरी टीम 83 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रेस क्लब की सलामी जोड़ी ने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज दिखाया। पहले पांच ओवर के भीतर ही 45 रन बनाकर उन्होंने मैच को अपनी तरफ कर लिया। इसके बाद मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाजों ने भी शानदार खेलते हुए जिम्मेदारी निभाई और तीन ओवर शेष रहते ही प्रेस क्लब ने 7 विकेट से यह रोमांचक मुकाबला जीत लिया।

# सारंगपुर के तीन प्रतिनिधि राजगढ़ जिला विकास समिति में नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर







क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि सारंगपुर के समाजसेवी निर्मल जैन, अधिवक्ता अमित सक्सेना तथा कृषक घनश्याम नागर को राजगढ़ जिला विकास समिति में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

इन तीनों प्रतिनिधियों को समाज सेवा, जनहित कार्यों और क्षेत्रीय विकास में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने के आधार पर समिति में स्थान प्रदान किया गया है। जिला विकास समिति जिला स्तर पर विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों, संसाधनों के उपयोग तथा जनहित से जुड़े मुद्दों की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे में सारंगपुर के तीनों प्रतिनिधियों की नियुक्ति से क्षेत्र की विकास संबंधी आवश्यकताओं, स्थानीय समस्याओं और प्राथमिकताओं को जिला स्तर पर अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। इन नियुक्तियों पर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने तीनों प्रतिनिधियों को शुभकामनाएँ देते हुए आशा जताई कि वे सारंगपुर के सर्वांगीण विकास के लिए सार्थक प्रयास जारी रखेंगे।

### मीना समाज सहित बाबा के अनुयायियों ने निकाला चल समारोह

# अखंड भजन सप्ताह का भंडारा के साथ हुआ विश्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



विगत सात दिनो से चल रहे अखण्ड भजन कीर्तन सप्ताह का विश्राम पूर्णाहुति एवं चल समारोह और विशाल भंडारे के साथ हुआ। सप्त दिवसीय इस आयोजन में कलाकारों की प्रस्तुति ने स्त्रोताओं को मन्त्र मुग्द कर दिया। यह आयोजन परम्परागत 65 वर्षो से लगातार मीना समाज के सानिध्य में चला आ रहा, जिसमे समाधिस्थ अलमस्थनाथ के पारिवारिक सदस्यों का भी विशेष योगदान रहता,,,इस आयोजन में विश्राम दिवस पर पाठशाला आश्रम सुठालिया से बालकदास जी महाराज पनियारा आश्रम से भोलादास महाराज, रामकथा वाचक मोहनलाल नागर, भागवताचार्य सतीश नागर, अध्यक्ष रामगोपाल मीना नेताजी, आईजी सतीश सक्सेना भोपाल, बालकिशनदास बैरागी पुजारी द्वारा सभी कलाकारों का पात्र एवं भेट द्वारा सम्मान किया गया।

**इन्होंने की शिरकतः** इस आयोजन में आरटीओ जगदीश मीना, मीणा समाज सेवा संगठन जिला अध्यक्ष बाबूलाल मीना कुरावर, विधायक प्रतिनिधि मोहन पंवार, रेखा पचवर्या, पत्रकार गजराजसिंह मीना, बाबुलाल लखनवास, मांगीलाल पटेल, हरिओम दांगी भाजपा महामंत्री, ओम लववंशी, ब्रजेश तर्वेदी, जसवंत गुर्जर पूर्व जिला पंचयात अध्यक्ष, किसान नेता रामजगदीश दांगी, गोविंद पटेल, भानू मीणा, रामबाबू डॉक्टर, बद्रीप्रसाद शिक्षक, आशीष मीना, केशर सिंह, विष्णु मीना सरपंच, केसरसिंह, हरभजन मीना, भीलखेड़ी, बाबुलाल कासोर सहित हजारों की संख्या लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

#### कलाकारों का किया सम्मान

अखंड भजन सप्ताह के विश्राम के पूर्व रात्रि को अतिथियों ने इन कलाकारों का सम्मान किया, जिनमें बाबुलाल भगतजी नादनपुर, राजू मीणा तबला वादक, जितेंद्र, कमल, संतोष शर्मा, मनीष, संजय, लाला, राकेश, राजन, नवल राव, मुकेश बेंजो, लखन राव, अशोक, बाल कलाकार आयुषी मीना, रविन्द्र प्रजापति, रघुवरदास, बालछड़ी भगत आदि अन्य कलाकार शामिल हैं।

#### ढोल डमाकों के साथ निकला चल समारोह

विश्राम दिवस के दिन बाबा अलमस्तनाथ जी की समाधि से पंचमुखी रोड, अस्पताल चैराहा, इंदौर नाका होता हुआ चल समारोह ढोल डमाकों, आतिशबाजी, नृत्य और भजनों के साथ निकाला गया। चल समारोह में अलमस्थनाथ जी की तस्वीर रथ में सजाकर भजन कीर्तन के सात नगर में जुलुश निकाला गया, जिसके बाद भंडारा प्रसादी के साथ समापन हुआ।

# ब्लॉक कांग्रेस कुरावर अंतर्गत संविधान पर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर



जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के निर्देशानुसार सम्पूर्ण राजगढ़ जिले मे मण्डलम स्तर पर संविधान पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रविन्द्र मीना ने बताया की ब्लॉक कुरावर अंतर्गत झाड़ला मण्डलम, लश्करपुर मण्डलम तथा कुरावर मण्डलम की बैठक संपन्न हुई जिसमे संविधान पर चर्चा कर नागरिको को जागरूक किया गया जिसमे हमारा संविधान किन परिस्थितियों मे बना हमारा संविधान कैसे लागू हुआ संविधान निर्माण मे बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के योगदान पर चर्चा, हमारा संविधान हमें क्या क्या हक व अधिकार देता है जैसे अनेक विषयो पर चर्चा की गयी साथ ही हमारा संविधान किस तरह से खतरे मे है व इसमें बदलाव के मंसूबे रखने वाली भाजपा पार्टी की कई वक्ताओ ने खूब भ्रत्स्ना की तथा कांग्रेस पार्टी हर हाल मे इस संविधान की रक्षा करेंगी इसका प्रण लिया तथा संविधान की शपथ ली कार्यक्रम मे मुख्य रूप से कुरावर ब्लॉक प्रभारी डॉ भारत वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी ज्ञान सिंह मीणा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रविन्द्र मीना, किसान कांग्रेस पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष देवकरण मीणा, जिला पंचायत सदस्य खुर्शीद मेव, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, झाड़ला मण्डलम प्रभारी राजू राठौर, लश्करपुर मण्डलम अध्यक्ष दुर्गेश नागर, जनपद सदस्य मनीष नागर, पार्षद सचिन गिरी, पार्षद राजेश मीणा, पार्षद लखन चैहान, सेक्टर अध्यक्ष सोनार सिंह राजपूत, कुरावर मण्डलम प्रभारी प्रकाश दला, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष शिवचरण मीना, मनोज शर्मा, गोविन्द चैहान, मोहन चंद्रवंशी, राज चैहान ग्राम जामोनिया गणेश से बी एल ए रोहित मीणा, जीतेन्द्र चंद्रवंशी ग्राम झाड़ला से राजेश परमार, गोपाल जोत, रमेश मेघवाल, बिसारती से रामदयाल राठौर, लश्करपुर प्रभारी कैलाश नारायण नागर, बद्री प्रसाद धाकड़ मौजूद रहे।

### पुलिस कर रही जांच

# डैम में मछली का जाल लगाने गए युवक की डूबने से मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

कोतवाली थानाक्षेत्र के खरना गांव निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में डैम के पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने शव को पानी से बाहर निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खरना गांव निवासी युवक राधेश्याम पिता मांगीलाल मेवाड़े उम्र 25 वर्ष बुधवार शाम मूंडला बांध में मछलियों का जाल लगाने गया था। राधेश्याम जब रात में घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई और वे सुबह बांध क्षेत्र में पहुंचे तो राधेश्याम का शव पानी में उतराता देख सकते में आ गए। आनन-फानन में शव को पानी से बाहर निकालकर पुलिस को मामले की इत्तिला दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा सहित आवश्यक कार्यवाही उपरान्त मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस इस मामले में हर एंगल से जांच करने में जुटी हुई है।

# रामपुरिया बालाजी करते भक्तों की मनोकामना पूर्ण

### सार्थक रूप से आंख के पत्तों पर राम नाम की माला से सुसज्जित



**छापीहेड़ा।** जिस तरह सनातन धर्म मैं भगवान की भक्ति हर जगह यू सार्थक परिवेश में दिखाई देती है क्योंकि इस कलयुग मैं सिर्फ राम नाम से बड़ा मंत्र और कोई नहीं है स्वयं भोले नाथ भी भगवान राम जी के नाम का स्मरण करते हैं तथा तीनों लोकों में राम नाम से बढ़कर कोई शब्द नहीं है जिसने भी राम का नाम सच्चे मन से स्मरण किया है उसकी बड़ी से बड़ी व्यथा एक छोटे से क्षण में दूर होती है रामपुरिया बालाजी छापीहेड़ा मैं स्थित है यहां की महिमा सिर्फ और सिर्फ उनके दर्शन मात्र से की जा सकती है आज बालाजी के श्रृंगार के साथ आंख के पत्तों पर राम नाम लिखकर उनको अर्पित करने से बड़ी से बड़ी बाधा भी दूर होती है साथ-साथ मनवांछित फल प्राप्त होता है। आक के पत्ते पर राम राम लिखकर हनुमान जी को चढ़ाने से जीवन की बाधाएं और परेशानियां दूर होती हैं सुख शांति और समृद्धि आती है इस उपाय के लिए सुबह स्नान करने के बाद आंकड़े के पत्तों को तोड़कर धोकर उन पर सिंदूर से श्री राम लिखें फिर इन पत्तों की 108 पत्तों की माला बनाकर हनुमान जी को अर्पित करें इससे हनुमान जी प्रसन्न होते हैं।

### जिला प्रशासन व अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी की रहेगी संयुक्त भागीदारी

# बाल-विवाह मुक्त राजगढ़ का 100 दिवसीय अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



केंद्र सरकार द्वारा संपूर्ण भारत को साल 2030 तक पूर्णतः बाल-विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत राजगढ़ में इस '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' की गुरुवार से शुरूआत की गई। यह पहल उन सामाजिक परिस्थितियों को बदलने पर केंद्रित है, जो बाल विवाह जैसी कुप्रथा को बढ़ावा देती हैं। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के निदेशक अरुण सातालकर ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से बाल-विवाह के खिलाफ चल रहे प्रयासों को मजबूत गति मिली है। उन्होंने भरोसा जताया कि "हम 2030 से पहले ही इस गंभीर सामाजिक अपराध को समाप्त करने में सफल होंगे।

#### यह रहेगी अभियान की रणनीति

अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है। प्रथम चरण में स्कूलों और कॉलेजों में जागरुकता। दूसरे चरण में विवाह संपन्न कराने वाले धार्मिक स्थलों और संबंधित सेवा प्रदाताओं पर फोकस करना एवं तीसरे चरण में पंचायतों और शहरी वार्डों में समुदाय आधारित पहल को मजबूत करना होगा। यह आगामी अभियान 8 मार्च 2026 (अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस) तक चलेगा।

अभियान का शुभारंभ कन्या स्कूल से किया गया जहां लाइव प्रसारण देखा गया और सभी प्रतिभागियों ने बाल-विवाह उन्मूलन की सामुहिक शपथ ली। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित हस्ताक्षर अभियान में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बाल विवाह के विरोध में अपनी प्रतिबद्धता दर्ज की। राजगढ़ जिले की यह पहल प्रदेश में बाल अधिकारों की सुरक्षा और सकारात्मक सामाजिक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, सुपरवाइजर्स, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं-शिक्षक, नीति आयोग के डीपीए लक्ष्मण भागमल और अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम ने सहभागिता दर्ज की।